IndiaBroadband 2016
Linking India

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Enterprise)

OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER, M.P.TELECOM CIRCLE, BHOPAL

No.SR-67/Union/Recog./Main/BSNLEU/Ch-II/2016-17/ 12 Dated 15/10/2016

# बैठक के कार्यवृत्त

मिनि कॉन्फ्रेन्स हाल, बी एस एन एल भवन, परिमण्डल कार्यालय में दिनांक 10/10/2016 को बीएसएनएलईयू यूनियन के पदाधिकरियों के साथ माननीय मुख्य महाप्रबंधक की अध्यक्षता में बीएसएनएलईयू की समस्याओं के संबंध में दिये गऐ आंदोलन ज्ञापन के समाधान एवं निराकरण हेतु बैठक की गई। बैठक के प्रारम्भ मे महाप्रबंधक (मा.स./प्रशा.) द्वारा श्री प्रकाश शर्मा सीएस बीएसएनएलईयू एवं समस्त यूनियन प्रतिनिधियों का SWAS बैज प्रदान कर हार्दिक स्वागत किया गया। बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी एवं यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**प्रबंधन की ओर से**

1. डॉ गणेश चन्द्र पांडेय, मुख्य महाप्रबंधक
2. श्री ए. के. मुकाती, महाप्रबंधक (प्रशा./मा.स.)
3. श्री के. के. सूर्यवंशी, संयुक्त महा.प्रबंधक (प्रशा./मा.स.)
4. श्री वाई.के.पोरस, सहायक महाप्रबंधक (सं./प्र.)
5. श्री के.के.स्वामी, उप मण्डल अभियंता (अ.स.)

**यूनियन की ओर से**

1. श्री प्रकाश शर्मा, परिमंडल सचिव
2. श्री बी एस रघवंशी, परिमंडल अध्यक्ष
3. श्री एच एस ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष
4. श्री बी के परसाई, परि. सह सचिव
5. श्री योगेश शर्मा, परि. सह सचिव
6. श्री सलामत अली, परि. सह सचिव
7. श्री लखन पटेल, परि. सह सचिव
8. श्री संतोष मीणा, परि. अध्यक्ष, एसएनएटीटीए

आंदोलन ज्ञापन में दिये गये मुद्दों पर सिलसिलेवार एक–एक करके विचार विमर्श किया गया, एवं उन पर उचित निर्णय लिये गयें , जो कि निम्नानुसार है :

AGM(Adm)

| क्रं. | यूनियन के मुद्दे | प्रबंधन का जवाब | मीटिंग पश्चात् निर्णय |
|---|---|---|---|
| 1. | **स्वच्छ बीएसएनएल अभियान एवं मूलभूत सुविधाएँ :**<br>संपूर्ण मध्यप्रदेश में सफाई व्यवस्था की अव्यवस्था के मद्देनजर परिमंडल यूनियन के पत्र क्रंमाक BSNLEU/MP CIRCLE/PROBLEMS/22 Dated 17/05/2016 द्वारा आपका ध्यान आकृष्ट किया गया था। हमारे द्वारा प्रेषित स्मरण पत्र क्रंमाक BSNLEU/MP CIRCLE/PROBLEMS/29 Dated 22/06/2016 का संज्ञान लेते हुए परिमंडल कार्यालय द्वारा भी एक पत्र सभी एसएसए प्रमुखों को प्रेषित किया था। किन्तु समस्या यथावत है।<br>परिमंडल कार्यालयों भोपल में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता की महत्ता को प्रदर्शित करते स्लोगन्स,चस्पा किए गए है। परिमंडल कार्यालय में सफाई व्यवस्था प्रशंसनीय भी है। किन्तु विभिन्न मीटिंग एवं आयोजनों में आने वाले एस.एस.ए. प्रमुखों का ध्यान शायद स्वच्छता से जुडे इन स्लोगन्स पर कभी गया हो ऐसा प्रतीत नही होता। अपवाद स्वरुप एक या दो एस.एस.ए. को अगर छोड किया जाए तो परिमंडल में सभी एस.एस.ए. में साफ सफाई एवं मूलभूत आवश्यकताओं को नजर अंदाज किया जा रहा है। यूनियन यह महसूस करती है कि माननीय प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान का मखौल कहीं सर्वाधिक रुप से अगर उडाया जा रहा है तो बीएसएनएल मध्यप्रदेश परिमंडल है। साफ सफाई की दुरावस्था के मद्देनजर यह भी विचारणीय है कि इस कार्य हेतु आवंटित राशि किस मद में खर्च की जा रही है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रबंधन की उदासीनता चिंताजनक है। मूलभूत सुविधाओं का अभाव परिमंडल के हर एस.एस.ए. में है। पीने का एवं उपयोग योग्य पानी उपलब्ध नहीं है। कलूर,वाटर कूलर,एक्वागार्ड या तो है ही नहीं, या लगे है तो खराब पड़े है, टायलेट में फिटिग्ज भी नदारद है। प्रांगण में जगह जगह कचरों के ढेर है, सुरक्षा को ताक पर रखकर कचरा प्रांगण में ही जलाया जाता है। मेटेनेंस के अभाव में भवन जीर्ण-शीर्ण हो रहे है। विगत दिनों परिमंडल कार्यालय में छत प्लास्टर गिरने की भी घटना हो चुकी है। जब भी हमारी जिला इकाईयां उपर्युक्त समस्याएं एस.एस.ए. | इस संदर्भ में मध्यप्रदेश बीएसएनएल प्रबंधन की ओर से सभी बिजनेस एरिया एवं एसएसए प्रमखों को पत्र क्रं. SR-67/BSNLEU/Genl-Corr./2014-15/ 94. Dated 19/07/2016 एवं पत्र क्रं.SR-67/BSNLEU/Genl-Corr./2014-15/ 104. Dated 23/09/2016 (पत्र संलग्न) के द्वारा निर्देशित किया गया है। कि वे अपने कार्य स्थल एवं बीएसएनएल के भवन कि साफ सफाई को सुनिशचित करें तथा जो भी आवशयक मूलभूत सुविधायें है कर्मचारियों को प्रदान करें। इस कार्यालय में दिनांक 16/03/2016 एवं 30/09/2016 को वृहद सफाई अभियान चलाया गया एवं समस्त एसएसए में भी चलाने के निर्देश दिये गये है एवं उसकी अनुपालन रिपोर्ट मंगवाई जा रही है। इस कार्यालय के बगीचों को भी नया लुक प्रदान किया जा रहा है। | यूनियन पदाधिकारियों की तरफ से, एसएसए स्तर पर विभिन्न भवनों,बाथरुम एवं शौचालय की सफाई कार्य सही तरिके से नही होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया एवं बताया गया कि जीएमटीडी कार्यालय जैसे :- भोपाल,इन्दौर,जबलपुर,ग्वालियर,उज्जैन, के कार्यालयों में सफाई की उचित तरिके से नही की जा रही है अन्य एसएसए में भी लगभग यही स्थिति है एवं उनके शौचालय /बाथरुम/ लॉबी गन्दें है। परन्तु उन्होनें परिमंडल कार्यालय की स्वच्छता की भूरी-भूरी प्रशांसा की चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिये गये :-<br>(अ) बीएसएनएल के भवनों एवं एक्सचेन्जों में साफ सफाई नियमित रुप से की जाए एवं दीपावली पूर्व दिनांक 29/10/2016 तक सभी एसएसए के बीएसएनएल भवनों, एक्सचेन्जों एवं शौचालयों /बाथरुम की सफाई पूर्ण रुप से करा ली जाए। परिमंडल कार्यालय से जॉच हेतु एक ऑवर्जवर हर एसएसए में भेजा जाएगा सभी शौचालय में टूटे पाईप, एवं नल की खराब टोटियॉ आदि बदल दिये गये है यह सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश सर्किल कार्यालय समस्त एसएसए को जारी करें।<br>(ब) सभी एसएसए द्वारा वाटर कूलर / एक्वागार्ड की नियमित मरम्मत सुनिश्चित की जाऐगी एवं जहॉ मशीने पुरानी हो गई वहॉ नऐ से बदले जाने हेतु समयबध्द तरीके से कार्य किया जाऐगा।<br>(स) एसएसए के उपमंडल अभियंता(प्रशा.) को एसएसए की साफ सफाई का प्रभारी नियुक्त किया जाऐगा। परिमंडल कार्यालय के उच्च अधिकारी जब |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रमुखों के समक्ष रखती है। तो रट-रटाया सा एक जवाब मिलता है "फण्ड नही है।" यह भी अपने आप में आश्चर्यनक हैं। क्या सफाई व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु एस.एस.ए. को फंड नही दिया जाता ? यदि हॅ तो, राशि कहां खर्च की जा रही है, इसकी मुलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हर कर्मचारी का अधिकार है एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी भी।<br>स्वच्छता एवं मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ती एक निरंतर प्रक्रिया है और इसकी उपलब्धता एवं निरंतरता हमारी यूनियन की मांग है। उम्मीद है इस दिशा में परिमंडल की और इनका कियान्वयन भी सुनिश्चित किया जाएगा। | | भी एसएसए में निरिक्षण हेतु जाएगें। वे एसएसए के भवनों की साफ सफाई पर भी अपनी रिपोर्ट देगें। यह भी तय किया गया कि सभी एसएसए के उपमंडल अभियंता(प्रशा.) ओर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ साफ सफाई एवं अन्य समस्यों पर चर्चा हेतु एक मिटिंग अतिशीध्र बुलाई जाऐगी।<br>(द) प्रत्येक जोन से त्रैमासिक एक सबसे स्वच्छ एसएसए का चयन कर उसे पुरस्कारित किया जाएगा एवं उस एसएसए के जिम्मेदार अधिकारी को मिस्टर क्लीन(Mr.Clean) के नाम से सम्मनित किया जाऐगा। सबसे स्वच्छ एसएसए प्रस्ताव फोरम द्वारा अपने समस्त सदस्यों के फीडबैंक के अनुसार प्रशासन को दिया जाऐगा।<br>(ध) सभी कार्य स्थलों पर पीने के पानी की सुचारु व्यवस्था यह एसएसए प्रमुख सुनिश्चित करेगें।<br>(न) प्रत्येक माह सभी एसएसए द्वारा साफ सफाई ,पीने के पानी की व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता बावत् प्रपत्र में जानकारी परिमंडल कार्यालय को प्रेषित की जाएगी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | **नेटवर्क की स्थिति :**<br>मध्यप्रदेश परिमंडल में नेटवर्क अपेक्षानुरुप कार्य नही कर रहा है। 'शायद यही कारण है कि हम विगत दो माह में कार्पोरेट ऑफिस द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूर्ण नही कर पाए है। जहॉ जुलाई 2016 में सिम विक्रय में परिमंडल सोलहवें क्रम पर था वही अगस्त 2016 में माननीय सीएमडी द्वारा प्रशंसित प्रथम 12 परिमंडल में हम स्थान नहीं बना पाए है। यह स्थिति निःसंदेह चिंतनीय है। नेटवर्क की मजबूती के लिए आत्मचिंतन, आत्मअवलोकन कर ठोस रणनीति पर कार्य करना जरुरी है।<br>हमारी परिमंडल यूनियन ने सभी एस.एस.ए. से नेटवर्क की स्थिति जानना चाही थी। हमारे जिला सचिवों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर कहा जा सकता है कि नेटवर्क की स्थिति में सुधार की अवश्यकता है। विशेष रुप से रिलाइन्स जियों, के पदार्पण पश्चात् पुख्ता नेटवर्क ही हमारे ग्राहको को हम से जोडकर रख सकता है। अतः नेटवर्क के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक संख्या में BTS, BTS का युक्तियुक्तकरण BTS के रखरखाव हेतु संसाधन की उपलब्धता एवं BTS की परिणाम मूलकता सुनिश्चित करना जरुरी है। | नेटवर्क में सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रकिया है एवं इस संदर्भ में मध्यप्रदेश सर्किल की ओर से सभी तरफ प्रयास किए जा रहे है। नेटवर्क उन्नत करने के लिए नए 3G Node B एवं 2G BTS का भी परिनियोजन किया गया है तकि डेटा स्पीड और मोबाईल का कवरेज क्षेत्र भी बढ सकें। इन्दौंर में BSS नेटवर्क ALCATEL से ZTE में परिवर्तित कर दिया गया है एवं लगभग 50-60 नये 3G / 2G Node B परिनियोजन किए गए है साथ ही डेटा डाउनलोड की स्पीड को बढाने के लिए R6 से R8 में भी इसको उन्नत किया जा रहा है।<br>BTS के रख-रखाव के लिए कार्ड की उपलब्धता समूचित है। चूँकि एसएसए को आवश्यकतानुसार कार्ड उपलब्ध कराये गए है इसलिए पहले जो BTS Decommercialized कराये गए थे उन्हें पुनः Recommercialized कर दिया गया है। अभी तक लगभग 140 BTS पुनः Recommercialized कर दिये गए है। अतः प्रयास ना केवल कवरेज क्षेत्र के लिए बल्कि मार्केट के दृष्टिकोण के हिसाब से भी किया जा रहा है। नई सिमों के विक्रय में अभिनव प्रयोग किये जा रहें है, Door to Door सिमों का विक्रय किया जा रहा है मध्यप्रदेश दूरसंचार परिमंडल निजी कम्पनियॉ जैसे जियों, रिलाइन्स तथा अन्य प्रायवेट आपरेटर से प्रतिस्पर्धा करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। | यूनियन पदाधिकारी इस जबाव से पूर्ण रुप से संतुष्ट नही थे इस पर माननीय मुख्य महाप्रबंधक जी ने आश्वासन दिया कि BTS साईड पर इंजन रिर्पेरिग का काम त्वरित गति से किया जा रहा है साथ ही डीजल को भरवाने की व्यवस्था भी की जा रही है। अल्काटेल के दो RNC की भी स्थापना की जा रही है। माननीय मुख्य महाप्रबंधक जी के जबाव से यूनियन पदाधिकारीयों ने संतोष व्यक्त किया एवं अनुरोध किया कि यह कार्य त्वरित गति से किया जायें। |

AGM (OS&M)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | **फिल्ड स्टाफ के लिए आवश्यक उपकरणों/सामग्री का प्रदाय :** विभिन्न एस.एस.ए. में हमारे प्रतिनिधियों से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार फिल्ड स्टाफ को मेंटनेंस हेतु आवश्यक सामग्री/उपकरण सुलभता से उपलब्ध नही कराए जा रहे हैं। इस संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा प्रायः बताया जाता है कि आवश्यक सामग्री/उपकरण की पूर्ती हो रही है, जबकि ऐसा नहीं है। परिमंडल प्रबंधन द्वारा सभी एस.एस.ए. प्रमुखों को अवश्यकतानुरुप संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जांए। परिमंडल प्रबंधन एवं एस.एस.ए. प्रमुखों के बयान प्रायः विरोधाभासी होते है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि केबल मेंटनेंस / लाईन मेंटनेंस हेतु संसाधनों का अभाव है। केबल कटने के तुरंत बाद संयोजन होना जरुरी है। स्टोर्स/मटेरियल के अभाव में कनेक्शन कट रहे है। नए कनेक्शन देने के साथ–साथ पुराने उपभोक्ता बीएसएनएल से कैसे जुडे रह सकते है, इस पर ध्यान केन्द्रित करना ज्यादा जरुरी है। | एसएसए से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्ड स्टाफ के लिए आवश्यक उपकरणों / सामग्री परिमण्डल कार्यालय से प्राप्त होने के पश्चात् प्रदान कर दी जाती है। तथा स्थानीय स्तर पर आवश्यकतानुसार खरीद कर उपकरण एवं सामग्री का वितरण कर दिया जाता है। फिर भी ऐसें एसएसए जहॉ आवश्यक उपकरणों/सामग्री का वितरण नही किया जा रहा है। प्रबंधन के संज्ञान में लाया जा सकता है। | यूनियन की तरफ से बताया गया कि फील्ड़ में कुछ विशिष्ट टूल की कमी है जिससे फील्ड़ स्टाफ को कार्य निषपदान में असुविधा होती है। जैसे – इन्शेसर टूल, ओ टी आर,रुट लोकेटर इनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिये साथ मल्टीप्ले,नोकिया एवं हुवॉई के नये माडयूल उपलब्ध कराये जाने चाहिये। साथ ही कहॉ कितना समान उपलब्ध है उसकी सूची प्राप्त करके यूनियन को प्रदान की जाऐगी। केबल फॉल्ट लोकेटर,रुट,ट्रेसंर,अर्थ मेगरके लिए निविदा हो चुकी है एवं दिसम्बर तक इनकी उपलब्धता हो जाऐगी। ओटीआर के लिए APO जारी कर दिया है। एसएसए स्वंय परचेस आर्डर देकर खरीद सकते है। माडयूल उपलब्ध कराने के लिए प्रकिया शुरु की जा रही है। एसएसए प्रमुखों को अनुउपलब्ध सामाग्री की आवश्यकता प्रेषित करने हेतु पत्र लिखा जाएगा। |
| 4. | **स्वेच्छा स्थानांतरण (रुल 8 के अंतर्गत) :** परिमंडल प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वेच्छा स्थानांतरण प्रकरणों में संबंधित एस.एस.ए. प्रमुखों की सहमति जरुरी है। इस बाध्यता के चलते स्वेच्छा स्थानांतरण होना असंभव है। स्टॉफ की कमी हर जगह है, रिकूटमेंट बंद है, इसके बावजूद भी प्रत्येक वर्ष रुल 8 के अंतर्गत स्थानांतरण होते रहे है। कर्मचारियों की वाजिब परेशानियों को दृष्टिगत रखकर स्वेच्छा स्थानांतरण हेतु शीध्र कार्यवाही की जाएं। | रुल 8 के अंतर्गत स्वेच्छा स्थानांतरण सभी से चर्चा करके एवं सामंजस्य बैठाकर अनवरित प्रयास किये जा रहें है। | इस संदर्भ में आदेश 15 नम्बवर तक जारी किये जाएगें। |
| 5. | **जबलपुर प्रबंधन के असहयोगात्मक एवं पक्षपातपूर्ण रवैये पर तत्काल रोक लगाऍ :** जबलपुर में हमारी यूनियन द्वारा विभिन्न मुद्दो को लेकर लगातार पत्राचार किया गया है। अधिकांश मुद्दो सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार से जुडे है। लेकिन जबलपुर प्रबंधन समस्याओं का निदान करने एवं दिए गए सुझावों पर चर्चा करने हेतु तत्पर नहीं है। मजबूरन हमारी जबलपुर इकाई को आंदोलनों के लिए बाध्य होना पडा है। परिमंडल यूनियन द्वारा भी मुद्दों को लेकर पत्र लिखा गया था, किन्तु परिमंडल | इस संबंध में मध्यप्रदेश बीएसएनएल प्रबंधन की ओर से आपके पत्र क्रं. BSNLEU/MP Circle/Problems/28 dated 22/06/2016 पर त्वारित कार्यवाही करते हुये जबलपुर प्रबंधन से जबाव मॉगा गया था। जिसके परिणामस्वरुप आपके सभी मुद्दों पर नियमानुसार कार्यवाही कर जबलपुर प्रबंधन के द्वारा जबाव भेजा गया। प्रबंधन के पत्र क्रं. SR-67/BSNLEU/Genl-Corr./2014-15/ | यूनियन की तरफ से जबलपुर प्रबंधन द्वारा दिये गये जबाव पर असंतोष एवं अक्रोश व्यक्त किया गया साथ ही मॉग की गई कि पत्र क्रं. BSNLEU/MP Circle/Problems/28 dated 22/06/2016 के कुछ मुद्दो पर पुनः स्पष्टीकरण मांगवाया जायें। जैसे – मुद्दा क्रं. 1 एवं 2। प्रबंधन की तरफ से आश्वासन दिया गया कि पुनः स्पष्टीकरण मांगवाया जाऐगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रबंधन द्वारा की गई कार्यवाही से यूनियन को अवगत नही कराया गया है। हमारी मांग है कि प्रबंधन की कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन हेतु निर्देशित किया जाए,मुद्दों पर चर्चा हो, समस्याओं का निराकरण हो और प्रबंधन "फूट डालो और राज करो" की नीति से बाज आए। साथ ही परिमंडल यूनियन के पत्र क्रंमाक BSNLEU/MP CIRCLE/PROBLEMS/28 Dated 22/06/2016 में शामिल इश्यूज पर निर्णय हो। | 97. Dated 16/08/2016 के द्वारा आपको जबलपुर प्रबंधन का जबाव प्रेषित किया गया।(पत्र संलग्न) | |
| 6. | **सिविल/इलेक्ट्रीकल के कर्मचारियों के एनईपीपी अंतर्गत पदोन्नति आदेश जारी करें :**<br>सर्किल कौंसिल में इस संबंध में 15/06/2012 तक आदेश जारी करने का निर्णय हो चुका है। दिनांक 05/01/2013 को संतन्न परिमंडल कौंसिल की बैठक में भी प्रकरण का निपटान 15/01/2013 तक करने का निर्णय हो चुका हैं। अधोहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा पुनः एनईपीपी पकरणों में आदेश जारी करने एवं एरियर का भुगतान करने हेतु परिमंडल कार्यालय में महाप्रबंधक (एचआर/प्रशा.) एवं महाप्रबंधक(वित्त) स चर्चा की जा चुकी है। अनावश्यक देरी से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। त्वरित कार्यवाही की जाए। | सिविल :– एन.ई.पी.पी. से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नही है। (पत्र संलग्न)<br>इलेक्ट्रीकल :–एन.ई.पी.पी. से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नही है। (पत्र संलग्न)<br>सिविल/इलेक्ट्रीकल के म.प्र. के Sr.TOA जो 1/10/1986 के पहले नियुक्ति हुये थे उनका Fixation, Training दिनांक के बाद दिया गया था जिसमें अब RR-2000 के हिसाब से 27/09/2000 से करने के निगमित कार्यालय से आदेश हो चुके है। | यूनियन के प्रतिनिधि दिये गऐ जबाव से संतुष्ट है। अतः इस बिन्दु को समाप्त किया जा सकता है। |
| 7. | **SWAS (सर्विस विथ ए स्माईल) का स्वरुप न बदला जाए :** फोरम ऑफ बीएसएनएल यूनियन एवं एसोसिएशन द्वारा **सर्विस विथ ए स्माईल** प्रोग्राम शुरु किया गया था। इसके तहत सेवाओं में सुधार एव बीएसएनएल द्वारा प्रदत्त उत्पादों के प्रचार एवं विक्रय हेतु हम प्रतिबद्ध है। पूर्ण रुप से फोरम द्वारा सहयोग भी किया जा रहा है। किन्तु मध्यप्रदेश परिमंडल में एमएमएम और पहल नाम से प्रोग्राम लांच कर **SWAS** को गौण किया जा रहा है। जबकि "3M"एवं "पहल" में समाहित इश्यूज SWAS में शामिल है। SWAS प्रोग्राम को हमारे माननीय सीएमडी ने भी सराहा है। एवं मान्यता प्रदान की है। ऐसी स्थिति में मध्यप्रदेश परिमंडल में भी **SWAS** के मूल स्वरुप एवं नाम को परिवर्तित न किया जाए। | अब SWAS योजना का म.प्र. परिमंडल में पूरे सम्मान एवं जोश के साथ अनुपालन किया जा रहा है। SWAS के बेनर तले सर्किल एवं भोपाल एसएसए के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा रोड़ शो आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व स्वयं माननीय मुख्य महाप्रबंधक द्वारा किया गया। प्रत्येक फोरम एवं मीटिंग में माननीय मुख्य महाप्रबंधक द्वारा हमेशा SWAS का उल्लेख किया जाता है। हाल ही में, इस कार्यालय द्वारा 1000 बैजेस/बिल्ले SWAS के बनाये गये है जिसे एसएसए हेंड मीटिंग | यूनियन के प्रतिनिधि दिये गऐ जबाव से संतुष्ट है। अतः इस बिन्दु को समाप्त किया जा सकता है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | में समस्त एसएसए हेंड एवं यूनियन/एशोसियशन प्रतिनिधियों को हमेशा पहनने का अनुरोध के साथ प्रदान किया गया है। एवं समस्त म.प्र. परिमंडल में वितरित किये जा रहे है।<br>अतः उपरोक्त गतिविधियों इंगित करती है कि म.प्र.परिमंडल में SWAS को अपने मूल स्वरुप में ही रखा गया है। एवं इसके अतंगर्त बीएसएनएल सेवाओं का वृहद प्रचार प्रसार किया जा रहा है। | |
| 8. | **कान्ट्रेक्ट वर्कर्स के मुद्दों का निराकरण :**<br>कान्ट्रेक्टर द्वारा श्रम कानूनों का हनन एवं उल्लंघन करने एवं कार्पोरेट ऑफिस द्वारा जारी निर्देश की अवमानना करने की वजह से जअलपुर में 17 दिन हडताल हुई एवं मंदसौर में 55 दिनों से कान्ट्रेक्टर वर्कर्स आंदलोनरत है। अन्य स्थानों पर प्रशंसनीय स्थिति नही है। कान्ट्रेक्टर वर्कर्स के जायज एवं कान्ट्रेक्टर द्वारा निर्मित असंतोष के चलते बीएसएनएल की सेवाएं विपरित रुप से प्रभावित हो रही है। सेवाओं की दुर्दशा को बीएसएनएलईयू मूकदर्शक बन कर नही देख सकती । इस स्थिति में स्थानीय प्रबंधन की चुप्पी पीडादायी है। बीएसएनएल प्रिंसिपल एम्प्लायर है एवं परिमंडल प्रबंधन का स्थिति को सामान्य बनाने हेतु हस्तक्षेप जरुरी है। भविष्य में इस तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इस हेतु सभी एसएसएस प्रमुखों को परिमंडल द्वारा श्रम कानूनों एवं कार्पोरेट ऑफिस के निर्देशों का पालन / करवाने हेतु निर्देशित किया जाए जिससे कि बीएसएनएल की सेवाएं बाधित न हो।<br>मंदसौर प्रकरण में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भी कान्ट्रेक्ट वर्कर्स के मुद्दों को लेकर हस्तक्षेप किया गया है। किन्तु स्थानीय एवं परिमंडल प्रबंधन ने अभी तक उनकी समस्या की अनदेखी कर रखी है। यह बेहद शोचनीय स्थिति है एवं प्रबंधन की अमानवीयता प्रदर्शित करती है। शीध्र हस्ताक्षेप करें। | इस संदर्भ में जबलपुर एसएसए से प्राप्त जबाव के अनुसार विवाद कान्ट्रेक्टर एवं कान्ट्रेक्ट वर्कर्स के बीच का था जिसमें जबलपुर प्रबंधन की कोई भूमिका नही थी, वर्तमान में कान्ट्रेक्टर एवं कान्ट्रेक्ट वर्कस के मध्य आपसी समझौते के कारण कार्य पुनः प्रारंभ हो गया है।(पत्र संलग्न)<br>मंदसौर एसएसए में यूनियन के परामर्श के बाद 8 कान्ट्रेक्ट वर्कर्स को कान्ट्रेक्टर द्वारा पुनः वापस ले लिया गया है।<br>रतलाम एसएसए के कान्ट्रेक्ट वर्कर्स की समस्या का समाधान भी किया जा चुका है। एवं सभी कान्ट्रेक्ट वर्कर्स ने लिखित में दिया कि ठेकेदार से कोई शिकायत नही एवं सभी पूर्ण रुप से सतुंष्ट है।(पत्र संलग्न)<br><br>एसएसए प्रमुखों को श्रम कानूनों एवं बीएसएनएल कॉर्पोरेट ऑफिस से प्राप्त दिशानिर्देशो का कड़ाई से पालन करने के लिए पुनः निर्देशित किया जाऐगा। | यूनियन के प्रतिनिधि दिये गऐ जबाव से संतुष्ट है। अतः इस बिन्दु को समाप्त किया जा सकता है। इस में प्रकरण बीएसएनएलईयू परिमंडल यूनियन द्वारा दिये गये पत्रों पर संतोष जनक कार्यवाही की जा चुकी है। |

**<u>इस के अलावा निम्नलिखित मुद्दों में भी विस्तृत चर्चा की गई एवं प्रशासन की तरफ से लक्ष्य दिये गये :–</u>**

1. ई आर पी में ग्रुप सी एवं डी कर्मचारियों के पद नाम का निगमित कार्यालय के निर्देशानुसार 07/11/2016 तक परिवर्तित किया जाऐगा।
2. एस सी/एस टी उम्मीदवारों के विभागिय परीक्षा से संबंधित स्पष्टीकरण निगमित कार्यालय से मॅगवाना – अनुरोध पत्र दिनांक 13/10/2016 को जारी कर दिया गया है निगमित कार्यालय से की गई चर्चा अनुसार शीध्र ही निगमित कार्यालय इस संबंध में दिशानिर्देश जारी करेगा।
3. आवासों में सिविल/इलेक्ट्रीकल रखरखाव चार्जेस – निगमित कार्यालय द्वारा उपलब्ध दिशानिर्देशों का विस्तृत अध्ययन करके उचित निर्णय 15 दिनों में लिया जाऐगा।
4. ग्वालियर, सतना,जबलपुर,नरसिंगपुर एवं मंदसौर की एस.एस.ए प्रमुखों को बीएसएनएलईयू के जिला ईकाई द्वारा दिये गये मुद्दों के निराकरण हेतु निर्देशित किया जाना।
5. मोटर ड्राईवर की कार्यरत डी पी सी कर शीघ्र प्रमोशन आदेश जारी करने हेतु उचिल कार्यवाही की जा रही है।
6. फील्ड मे कार्यरत जे.ई. (टीटीए) को वाटर बोटल बीफ्रकेश आदि के प्रदाय हेतू कार्यवाही की जाऐगी।
7. 78.2 % के आधार पर पेंशन पुनः निरीक्षण एवं एरियर भूगतान हेतु कार्य मे गति लाने के लिये सभी एसएसएए को निर्देशित किया जाऐगा।
8. मेडिकल एडवांस के भुगतान मे हो रही देरी की ओर यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा ध्यानकर्षित किया गया। इसका संज्ञान लेते हुये आशवसित किया गया।

अंत में संयुक्त महा.प्रबंधक (प्रशा./मा.स.) के द्वारा सभी के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया एवं प्रबंधन की तरफ से आशवासन दिया गया की शीध्र ही उनकी सभी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा एवं प्रस्तावित आंदोलन को बीएसएनएल एवं बीएसएनएलईयू के व्यापक हित में वापिस लेने की अपील की गई ताकि दोनो के बीच सौहार्दपूर्वक सम्बध बने रहें।

यह पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित है।

सहायक महाप्रबंधक (संगठन एवं प्रबंधन)
कार्या. मुख्य महाप्रबंधक मध्य प्रदेश दूरसंचार परिमंडल भोपाल।

प्रतिलिपि– 1. निज सहायक, मुख्य महाप्रबंधक, बीएसएनएल, भोपाल।
2. श्री प्रकाश शर्मा सीएस बीएसएनएलईयू, इंदौर को सूचनार्थ।